आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)

**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 सोमवार** **दिनांक 16.02.2026**

><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**मुख्य समाचारः–**

1– भारत एआई इम्पैक्ट सम्मेलन–दो हजार छब्बीस नई दिल्ली में शुरू हो गया है।

2– बलरामपुर में अवैध उत्खनन पर कार्रवाई के दौरान एक बुजुर्ग की मौत होने के मामले में एसडीएम सहित चार लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई।

3– तेईस फरवरी से शुरू होगा राज्य विधानसभा का बजट सत्र–चौबीस फरवरी को वित्तमंत्री पेश करेंगे बजट।

**और**

4– केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड–सीबीएसई की कक्षा दसवीं और बारहवीं की परीक्षाएं कल सत्रह फरवरी से होंगी शुरू।

............

**<u>एआई इम्पैक्ट सम्मेलन</u>**

भारत एआई इम्पैक्ट सम्मेलन–दो हजार छब्बीस नई दिल्ली में शुरू हो गया है। पांच दिवसीय यह सम्मेलन वैश्विक एआई कार्ययोजना में भारत की भूमिका को मजबूत करने का महत्वपूर्ण मंच है। इस सम्मेलन में बीस देशों के वैश्विक नेताओं के भाग लेने का कार्यक्रम है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि यह देशवासियों के लिए अत्यंत गर्व की बात है कि भारत एआई इम्पैक्ट शिखर सम्मेलन के लिए विश्वभर से लोग भारत आ रहे हैं। श्री मोदी ने शिखर सम्मेलन के लिए विश्व के नेताओं,

उद्योगपतियों, नवप्रवर्तकों, नीति निर्माताओं, शोधकर्ताओं और प्रौद्योगिकी प्रेमियों का हार्दिक स्वागत किया। श्री मोदी ने कहा कि यह अवसर देश के युवाओं की क्षमता को भी दर्शाता है। उन्होंने यह भी बताया कि शिखर सम्मेलन का विषय 'सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय' यानी सभी के लिए कल्याण, सभी के लिए सुख है। उन्होंने कहा कि यह सम्मेलन मानव–केंद्रित प्रगति के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता–एआई का उपयोग करने के प्रति देशों की साझा प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

**एसडीएम–मामला जांच**

बलरामपुर जिले के कुसमी थाना क्षेत्र के हंसपुर ग्राम पंचायत में अवैध उत्खनन पर प्रशासन द्वारा की जा रही कार्रवाई के दौरान एक बुजुर्ग की मौत हो गई। इस मामले में पुलिस ने बलरामपुर में पदस्थ एसडीएम करुण कुमार डहरिया सहित चार लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

आरोप है कि अवैध उत्खनन पर कार्रवाई के दौरान एसडीएम और बाकी आरोपियों ने ग्रामीणों के साथ मारपीट की। इस बीच, एक बुजुर्ग की चोट लगने से मौत हो गई, जबकि दो अन्य युवक घायल हुए हैं। इस घटना के बाद गांव में तनाव की स्थिति को देखते हुए भारी पुलिस बल तैनात किया गया है।

सरगुजा संभाग के पुलिस महानिरीक्षक दीपक झा ने कहा है कि इस मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और जो भी दोषी होगा, उस पर कार्रवाई की जाएगी।

**छत्तीसगढ़–बजट**

छत्तीसगढ़ विधानसभा का बजट सत्र तेईस फरवरी से शुरू होगा। वित्त मंत्री ओपी चौधरी चौबीस फरवरी को बजट पेश करेंगे। वित्त मंत्री ने आज रायपुर में बताया कि इस बार भी बजट नई थीम के साथ आएगा।

उन्होंने कहा कि इस बार का बजट महिलाओं, युवाओं और किसानों को ध्यान में रखकर तैयार किया जा रहा है।

बीस मार्च तक चलने वाले बजट सत्र में कुल पन्द्रह बैठकें होंगी। पहले दिन सदन में राज्यपाल रमेन डेका का अभिभाषण होगा।

**सीबीएसई–बोर्ड परीक्षा**

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड–सीबीएसई की कक्षा दसवीं और बारहवीं की परीक्षाएं कल सत्रह फरवरी से शुरू होंगी। इस साल इन दोनों परीक्षाओं में करीब छियालीस लाख छात्रों के शामिल होने की संभावना है। सभी छात्रों के लिए परीक्षा केंद्र पर जाने से पहले ड्रेस कोड, एंट्री रूल आदि परीक्षा से संबंधित सभी दिशा–निर्देशों का पालन करना अनिवार्य है। कक्षा दसवीं की परीक्षा ग्यारह मार्च, वहीं, कक्षा बारहवीं की परीक्षा दस अप्रैल को समाप्त होगी।

इस बीच, सीबीएसई ने स्पष्ट किया है कि कक्षा दसवीं की पहली बोर्ड परीक्षा में शामिल होना सभी छात्रों के लिए अनिवार्य है। यदि कोई छात्र पहली परीक्षा में तीन या अधिक विषयों में अनुपस्थित रहता है, तो वह दूसरी परीक्षा के लिए पात्र नहीं होगा।

**भाजपा–बैठक**

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यसमिति की संयुक्त बैठक आज रायपुर स्थित पार्टी के प्रदेश कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन सहित अन्य पदाधिकारी शामिल हुए।

बैठक को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि युवा, महिला, किसान, एससी, एसटी, ओबीसी और अल्पसंख्यक मोर्चों के माध्यम से समाज के हर वर्ग तक पहुंचना पार्टी की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि पार्टी के सभी मोर्चों के प्रदेश से लेकर बूथ स्तर तक के पदाधिकारी और कार्यकताओं का लक्ष्य वर्ष दो हजार सैंतालीस तक विकसित भारत की संकल्पना को पूरा करना है।

**राजिम मेला–समापन**

महानदी, पैरी और सोंढूर नदियों के त्रिवेणी संगम पर आयोजित राजिम कुंभ कल्प मेले का कल समापन हो गया। समापन समारोह में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह आयोजन छत्तीसगढ़ की आध्यात्मिक चेतना, सांस्कृतिक गौरव और सामाजिक समरसता का जीवंत उदाहरण है। उन्होंने कहा कि राजिम कुंभ कल्प केवल एक धार्मिक मेला नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ की अस्मिता और पहचान का प्रतीक पर्व है। मुख्यमंत्री ने श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए राजिम में सर्वसुविधायुक्त धर्मशाला निर्माण के लिए पचास लाख रुपये की घोषणा की। साथ ही, राजिम बैराज कार्य को शीघ्र प्रारंभ करने और पूर्व में प्रस्तावित विकास कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए।

उधर, सरगुजा जिले के मैनपाट में आयोजित तीन दिवसीय मैनपाट महोत्सव का भी कल समापन हुआ। समापन अवसर पर सरगुजा सांसद चिंतामणि महाराज मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पर्यटन के क्षेत्र में मैनपाट निरंतर आगे बढ़ रहा है। आने वाले वर्षों में यह महोत्सव और अधिक भव्य तथा आकर्षक स्वरूप में आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह महोत्सव केवल सांस्कृतिक आयोजन नहीं, बल्कि सरगुजा की पहचान और गौरव का प्रतीक है।

समापन समारोह में कवि सम्मेलन के साथ ही अनेक रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। मुख्य आकर्षण के रूप में बॉलीवुड की गायिका कनिका कपूर की प्रस्तुति ने इस समारोह को यादगार बना दिया।

**<u>आईईडी–बरामद</u>**

बीजापुर जिले में सुरक्षा बलों ने अलग–अलग स्थानों से आईईडी बरामद किए हैं। दो आईईडी उसूर थाना क्षेत्र में ताड़पाला बेस के पास एक नाले के पास लगाए गए थे।

वहीं, इसी जिले के भोपालपटनम् थाना क्षेत्र के कोंडापड़गु में सघन तलाशी अभियान के दौरान सुरक्षा बलों की संयुक्त टीम ने माओवादियों द्वारा जमीन में छिपाकर रखे गए चार आईईडी बरामद किए। इसके साथ ही माओवादियों द्वारा जमीन के भीतर डंप कर रखे गए विस्फोटक और अन्य माओवादी सामग्री को भी बरामद किया गया है।

वहीं, माओवाद विरोधी अभियान के तहत पुलिस ने गरियाबंद के बड़ेगोबरा के सतामरी पहाड़ी से माओवादियों के हथियार बरामद किए हैं। इनमें एक इंसास, एक एसएलआर और दो बारह बोर की रायफल के साथ ही, अट्ठाईस कारतूस और तीन मैगजीन शामिल हैं।

**गन्ना–हार्वेस्टर मशीन**

बालोद जिले में गन्ना किसानों को प्रशासन द्वारा रियायती दर पर हार्वेस्टर मशीन की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। जिला खनिज न्यास–डीएमएफ मद से लगभग डेढ़ करोड़ रुपये की लागत से अत्याधुनिक गन्ना हार्वेस्टर मशीन खरीदी गई है। इस मशीन के उपयोग से किसानों के समय और श्रम में बड़ी बचत होगी। हाल के ही दिनों में जिले के ग्राम तमोरा में गन्ना हार्वेस्टिंग मशीन का लोकार्पण हुआ, जहां दस एकड़ खेत में लाइव प्रदर्शन कर कटाई, छिलाई और लोडिंग सब कुछ दिखाया गया। अब यह मशीन क्षेत्र के किसानों के लिए रियायती दर पर उपलब्ध है।

**संक्षिप्त समाचार**

– धान खरीदी नहीं होने का आरोप लगाते हुए जांजगीर में आज कृषक चेतना मंच के तत्वावधान में किसानों ने धरना–प्रदर्शन किया।

– ध्वनि प्रदूषण पर प्रभावी नियंत्रण के लिए दुर्ग कलेक्टर अभिजीत सिंह ने आदेश जारी करते हुए पूरे जिले में रात दस बजे से सुबह छह बजे तक लाउडस्पीकर और अन्य ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग पर तीस जून तक प्रतिबंध लगा दिया है।

– खैरागढ़ के जालबांधा स्थित शनि मंदिर के पास एक केमिकल फैक्ट्री में आज सुबह अचानक भीषण आग लग गई। दमकल की टीमों द्वारा आग पर काबू पाने का प्रयास किया जा रहा है।

– कोण्डागांव जिले के शिक्षित बेरोजगार युवक–युवतियों को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए अट्ठारह फरवरी को सुबह ग्यारह बजे से लाइवलीहुड कॉलेज परिसर में प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जाएगा। इसके माध्यम से नौ सौ अस्सी रिक्त पदों पर भर्ती की जाएगी।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>